# प्रेस नोट

**थाना - बहादुरगढ़ दिनांक:- 15-11-2023**

## थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की गई मोटर साइकिल (फर्जी नम्बर प्लेट लगी) बरामद।

**कार्यवाही:-**




हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को छिजारसी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की गई मोटर साइकिल(फर्जी नम्बर प्लेट लगी) बरामद हुई हैं।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

शोभित पुत्र पप्पू निवासी ग्राम भदस्याना थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर साइकिल (दिल्ली से चोरी)।
2. 02 फर्जी नम्बर प्लेट।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 वरुण कुमार सिंह थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
3. हे0का0 251 मुकेश कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।